संसद सदस्यों ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 03 दिसंबर, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा भू-विज्ञान मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह; केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय तथा खाद्य प्रसंस्कीरण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल; केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल; केन्द्रीय उपभोक्ता् कार्य, खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्रालय एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश; समेत कई संसद सदस्यों व् अन्य विशिष्टजनों ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर आज संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी एवं अंग्रेजी में प्रकाशित डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवनवत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

डॉ राजेन्द्र प्रसाद के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ एस राधाकृष्णन ने 5 मई 1964 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में किया था।